विषय सूची

	पृष्ठ सं०
निदेशक मण्डल	3
शेयरधारकों को सूचना	5
निदेशकों का प्रतिवेदन	6-27
स्वतन्त्र लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	29-38
नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ	39
तुलन पत्र	42
लाभ एवं हानि का विवरण	43
लेखे पर द्रष्टव्य	44-53
वित्तीय विवरणों के अन्य द्रष्टव्य	54-86
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	87-90
नकद प्रवाह विवरण	91-92

निदेशक मंडल	:	**श्री सौगत मित्रा** अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	(30.06.2016 तक)
		बिग्रे. बी. डी. पाण्डेय, एसएम (सेवानि) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	(16.08-2016 से)
		श्री सुंदर बनर्जी निदेशक (तकनीकी)	
		श्री ए. एम. मनीचन निदेशक (वित्त)	(27.07.2016 से)
		श्रीमती विनीता श्रीवास्तव निदेशक, भा.उ.वि.	(16.03.2017 तक)
		श्री परवीन गुप्ता सरकारी निदेशक	(16.03.2017 से)
		श्रीमती बेला बनर्जी गैर-सरकारी निदेशक	
		श्री तापस कुमार चटर्जी अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	
लेखा परीक्षक	:	मेसर्स बी. सी. कुण्डू एण्ड कंपनी सनदी लेखाकार	
सॉलिसिटर	:	फॉक्स एण्ड मण्डल, कोलकाता सैण्डर्सन्स एण्ड मोरगन्स, कोलकाता	
बैंकर्स	:	भारतीय स्टेट बैंक केनरा बैंक एच डी एफ सी बैंक एक्सिस बैंक लिमिटेड	
पंजीकृत कार्यालय	:	27, आर. एन. मुखर्जी रोड कोलकाता-700001	

3

दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

4

दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

शेयरधारकों के प्रति सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जा रही है कि कंपनी के शेयरधारकों की **31 वीं वार्षिक सामान्य बैठक** बीबीजे के कार्यालय 234/1, ए जे सी बोस रोड, कोलकाता–700020 में 15 दिसंबर, 2017 को मध्याह्न 12.00 बजे निम्नलिखित कार्यों के संपादन करने के लिए होगी–

साधारण काम–काज

1. कंपनी के 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि लेखा तथा उसी तिथि की तुलन–पत्र के साथ ही सांविधिक लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन और वित्तीय वर्ष 2016-2017 के लिए यथोक्त लेखा पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजीआई) के प्रतिवेदन और वित्तीय वर्ष 2016-2017 के लिए कंपनी के कामकाज से संबंधित निदेशक मंडल के प्रतिवेदन, जैसा कि वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख तक तैयार किया गया है, को ग्रहण करना, उस पर विचार करना और उसे पारित करना।
2. वित्तीय वर्ष 2017-2018 के लिए भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त किए जानेवाले सांविधिक लेखा परीक्षक का पारिश्रमिक निर्धारित करने के लिए निदेशक मंडल को अधिकृत करना।
3. निदेशकों की नियुक्ति करना
4. वित्तीय वर्ष 2016-2017 के लिए लाभांश की घोषणा करना।

(एस. के. भट्टाचार्य)
कंपनी सचिव

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
27, आर एन मुखर्जी रोड,
कोलकाता–700001
20 नवंबर, 2017

द्रष्टव्य :

1. बैठक में उपस्थित होने और मतदान करने के हकदार सदस्य को, अपने बदले में बैठक में उपस्थित होने और मतदान करने के लिए एक प्रतिपुरुष नियुक्त करने का अधिकार हैं और उक्त प्रतिपुरुष को कंपनी का सदस्य रहना आवश्यक नहीं है।
2. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 101 (1) के तहत यथापेक्षित अल्पतर सूचना पर वार्षिक सामान्य बैठक बुलाए जाने के लिए सदस्यों की सहमति प्राप्त कर ली जायएगी।
3. कंपनी रजिस्ट्रार द्वारा 30 सितंबर, 2017 के बाद उक्त बैठक आयोजित करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 96(1) के तहत तीन महीने समय बढ़ाने की मंजूरी दी गयी थी।

प्रतिलिपि : सभी निदेशकों को

5

दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

निदेशकों का प्रतिवेदन

सेवा में,

शेयरधारकगण

आपके निदेशकों को 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आपके समक्ष लेखे के लेखा परीक्षित प्रतिवेदन के साथ कंपनी के प्रचालन एवं कार्यनिष्पादन पर 31 वीं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

2.0 प्रचालन की सुर्खियां एवं उद्योग समीक्षा :

केंद्र में एक गतिशील सरकार के रहने से वर्ष 2016-17 वास्तव में एक नई आशाप्रद युग की शुरूआत के लिए घटनापूर्ण था। सरकार की वर्ष 2016-17 के लिए बजट में बड़ी नीतिगत पहल की गई थी। सरकार की बुनियादी संरचना विकास के लिए विज़न से निर्माण क्षेत्र में उत्कृष्ट विकास अवसर को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

''मेक इन इंडिया'' और 'स्वच्छ भारत' पहल के अतिरिक्त ''औद्योगिक पार्क'', ''स्मार्ट सिटी'', ''शहरी परिवर्तन'' एवं ''विरासत शहर'' के लिए सरकारी नीति राष्ट्रीय स्तर पर मील का पत्थर स्थापित करेगी तथा हमारी अर्थव्यवस्था उत्साही बनेगी एवं आने वाली वर्षों में निर्माण उद्योग के प्रभावशाली विकास में अधिक प्रतिस्पर्धा होगी।

सरकार के उपरोक्त कदम की ओर झुकाव रखते हुए आपकी कंपनी इस कैलेण्डर वर्ष में अपनी उत्पादन क्षमता में योजनापूर्ण ढंग से वृद्धि कर अपनी नीचे की रेखा की ओर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भी तैयार है। त्वरित दृष्टि से कुछ महत्वपूर्ण परिणाम क्षेत्र (केआरए) में कार्रवाई की गई है।

अन्य बातों में आने वाली वर्षों में रेलवे की महत्वाकांक्षी योजना में से और संभावना तलाश करने के अलावा सड़क परियोजना के प्रसार, मेट्रो रेल परियोजनाएं, स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण, ट्रैक बिछाने एवं आधुनिकीकरण एवं अन्य गैर-सिविल क्षेत्रों से नौकरी की संभावना तलाशना शामिल है। आपकी कंपनी द्वारा उठाए गए अनुरूप कदम से पारम्परिक व्यापार प्रक्षेपक से विविधीकृत क्षेत्र में वचनबद्ध विकास दर से कंपनी के कार्यनिष्पादन में महत्वपूर्ण सुधार होगा।

वर्ष के दौरान बीबीजे ने प्रमुख कदम आगे उठाई है। सभी प्रकार की जटिलताओं एवं चुनौतियों के साथ मुंगेर में गंगा ब्रिज के कार्य पूर्ण होने से बीबीजे ने देश के मेगा ब्रिज क्लब के प्रमुख खिलाड़ी के रूप में कुछ साल पहले द्वितीय हुगली पुल सफलतापूर्वक समाप्त करने के बाद एक बार और अपना नाम स्थापित की है। राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा मील का पत्थर समान परियोजना के पूर्ण होने से आपकी कंपनी के ट्रैक रिकार्ड निष्पादन को महिमान्वित किया है।

लगातार वर्षों तक लाभप्रदत्ता की ट्रैक रिकार्ड बनाए रखने वाली आपकी कंपनी की वर्ष 2016-2017 के लिए लाभप्रदत्ता (कर पूर्व लाभ) 2804.16 लाख रुपये थी, जो 1764.96 लाख रुपये (कर पश्चात लाभ) हिसाब किया गया है। यह संतोषजनक है कि आपकी कंपनी सभी चुनौतियों के बावजूद अपनी लाभप्रदत्ता की ट्रैक रिकार्ड बनाए रखी है। जैसा कि पहले बताया गया है एकीकरण के उपरांत कंपनी की नेट वर्थ में सुधार हुई एवं महत्वपूर्ण उच्च प्रक्षेप पर रहा तथा आने वाली वर्षों में जटिल बाजार गतिशीलता में प्रतियोगी बने रहने के लिए विविधीकरण के विस्तार योजनाओं में धन लगाने के लिए आंतरिक संसाधनों की सृष्टि के लिए अतिरिक्त चमक प्रदान करने में आपकी कंपनी को सहायता करती रही है।

वर्ष 2016-17 के दौरान, बाधाएं एवं चुनौतियां होने के बावजूद आपकी कंपनी अन्य आय समेत 10407.75 लाख रुपये की कुल बिक्री हासिल की है। बीबीजे आने वाली वर्षों में महत्वपूर्ण उच्च स्तर पर कारोबार एवं लाभप्रदत्ता दोनों के मुताबिक विकास की गति देते हुए बाजार की वर्तमान मंदी के संग रेलवे एवं अन्य ग्राहकों से लाभकारी आदेशों की ओर सचेतन रूप से लक्ष्य रखी है।

6

3.0 वित्तीय कार्यनिष्पादन

3.01 कंपनी का वित्तीय वर्ष 2016-2017 बनाम 2015-2016 के लिए वित्तीय कार्यनिष्पादन का सारांश नीचे दिया गया है :—

(₹ लाख में)

विवरण	2016-2017	2015-2016
कुल आय	**10407.75**	**17008.28**
सकल मार्जिन	**3001.15**	**7009.27**
मूल्यह्रास एवं परिशोधन	**117.10**	**115.42**
वित्त लागत	**79.89**	**5.28**
कर पूर्व लाभ	**2804.16**	**6888.57**
वर्तमान कर हेतु प्रावधान	**1039.20**	**2448.08**
कर पश्चात शुद्ध लाभ	**1764.96**	**4440.49**

4.0 वित्तीय एवं पूंजी संरचना

4.1 विगत वर्ष की तुलना में कंपनी की 31 मार्च, 2017 को पूंजी संरचना नीचे दी गई है :—

(₹ लाख में)

विवरण	31.03.2017 को	31.03.2016 को
प्राधिकृत पूंजी	**34810.00**	34810.00
शेयरधारकों के कोष		
शेयर पूंजी	**10373.05**	10373.05
पुनर्संरचना इक्विटी शेयर जमा	**1388.00**	1388.00
आरक्षण एवं अधिशेष	**17765.63**	16766.43
शेयर आवेदन धन (आबंटन लंबित)	**325.01**	325.01
गैर वर्तमान देयताएं		
दीर्घकालीन ऋण	**664.62**	714.62
अन्य दीर्घकालीन देयताएं	**0.00**	0.00
दीर्घकालीन प्रावधान	**14.48**	21.59
वर्तमान देयताएं		
अल्पकालीन ऋण	**7270.70**	6854 .54
व्यापार देय	**5192.73**	5211.83
अन्य वर्तमान देयताएं	**35301.44**	35211.12
अल्पकालीन प्रावधान	**1470.03**	2110.21
कुल	**79,765.69**	**78,976.40**

7

प्रतिनिधित्वकर्ता :		
गैर वर्तमान परिसंपत्तियां		
स्थायी परिसंपत्तियॉ (शुद्ध)	**530.38**	581.86
दृश्य परिसंपत्तियां	**0.84**	2.13
अदृश्य परिसंपत्तियां	**11.05**	11.05
प्रगतिधीन पूंजीगत कार्य		
गैर वर्तमान निवेश	**3139.97**	3139.97
अन्य गैर वर्तमान परिसम्पत्तियां	**6852.42**	6852.42
वर्तमान परिसम्पत्तियां	**69231.03**	68388.97
कुल :	**79765.69**	**78976.40**

एकीकरण की प्रक्रिया :

जैसा पहले बताया गया है, आपकी कंपनी की विलय की प्रक्रिया पूरी हो गई। एकीकृत कंपनी ने सफलता पूर्वक विलय प्रक्रिया को प्रचालित की एवं सरकार द्वारा अनुमोदित एकीकरण योजना के अनुसार नये नाम से व्यवसाय में बनी रही मेमोरेन्डम और आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के अन्य परिणामिक परिवर्तन समय-समय पर निदेशक मंडल की अनुशंसा पर संकल्प तथा कानून के तहत अनुमति प्राप्त समय पर आयोजित बैठक में शेयर होल्डरों द्वारा गृहीत मत के अनुसार किया गया था। उपर्युक्त पहल आपके कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा कंपनी के व्यवसाय को सरकार द्वारा आपकी कंपनी के लिए समझौता ज्ञापन में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप तकनीकी-वाणिज्यिक तालमेल की स्वाभाविक व्यवहार्यता के साथ सस्ते एवं कुशलतापूर्वक चलाने के लिए की गई है।

लाभांश :

4.01 लगातार वर्षों से 'लाभांश देने वाली सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम' के रूप में पहचाने जाने वाली आपकी कंपनी को यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि 13 नवंबर, 2017 को आयोजित कंपनी की निदेशक मंडल की 136 वां बैठक में कंपनी के शुद्ध लाभ से 129.52 लाख रु० कारपोरेट लाभांश कर छोड़कर साम्यिक दर से 636.24 लाख रु. (कर छोड़कर) की राशि लाभांश देने की सिफारिश की है।

जो आपकी कंपनी द्वारा भारत सरकार को, उक्त वार्षिक साधारण सभा के आयोजन हेतु समय बढ़ाने के लिए कंपनी रजिस्ट्रार की दिनांक 25 अगस्त, 2017 के आदेश द्वारा दी गई मंजूरी के आधार पर 30 दिसंबर, 2017 के बाद शीघ्र ही आयोजित होने वाली वार्षिक साधारण सभा में शेयरधारकों द्वारा घोषित करने पर देय होगी।

5.0 आदेश पुस्तक :

31.03.2017 को 47877.20 लाख रुपये का आदेश हस्तगत है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 8036.91 लाख रुपये मूल्य का आदेश निष्पादित किया गया तथा बिल बनाया गया। वर्ष 2017-2018 के लिए आदेश पुस्तक में और सुधार करने के लिए कदम उठाये गये हैं।

6.0 विविधीकरण एवं भावी संभावनाएँ :

6.1 कंपनी द्वारा विविधीकरण के लिए कदम उठाए गए हैं जिसमें वर्तमान उत्पाद मिश्रण के अतिरिक्त अन्य बातों के साथ संबंधित क्षेत्रों की सिविल इंजीनियरिंग एवं निर्माण परियोजनाएँ सम्मिलित है। आपकी कंपनी अपने सीमित संसाधनों के साथ रोड ओवर ब्रिज के निर्माण एवं आरसीसी ब्रिज के निर्माण हेतु आदेश का निष्पादन किया है। निष्पादन कार्य की सफलता से आने वाली समय में आपकी कंपनी को समान प्रकृति की और भी आदेश मिलने की प्रत्याशा है जिससे आपकी कंपनी की निचली पंक्ति तथा लाभप्रदत्ता में महत्वपूर्ण योगदान होगा।

8

आगे आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आपकी कंपनी अपनी विपणन परिदृश्य और भी सुधारने की प्रचेष्टा में उत्तर सीमांत रेलवे से मणीपुर में दो पुलों के निर्माण के लिए हासिल आदेश का निष्पादन प्रारंभ कर दिया है। हालांकि चुनौतीपूर्ण कार्य होने से कंपनी की पार्श्वदृश्य को नयी प्रेरणा मिलने की आशा है।

6.01 आपके कंपनी के पास उच्च मूल्य की निविदाओं पर भाव देने के लिए समझौता ज्ञापन/कंसोर्टियम के रूप में विनिर्माण उद्योगों के अन्य प्रधान हस्तियों के साथ रणनीतिक गठबंधन करना विचाराधीन है। इस नीतिगत पहल का प्रधान उद्देश्य कंपनियों के बीच समझौता ज्ञापन प्रक्रिया के जरिये तकनीकी-आर्थिक सहक्रिया के लाभ तलाशना है। तकनीकी रूप से संगतपूर्ण होने के अलावा समय के साथ यह प्रक्रिया कंपनियों एवं कंसोर्टियम के लिए लाभदायक होगी एवं जिसके परिणामस्वरूप निजली पंक्ति में मूल्य संयोजन होगा।

7.0 मानव संसाधन :

प्रचालन उत्कृष्टता हासिल करने के लिए घोर एवं लगातार प्रयास किया जा रहा है ताकि संगठन की प्रत्याशा पूरा करने के साथ-साथ बदलते औद्योगिक परिदृश्य के संग गति रखी जा सके।

वित्तीय वर्ष 2016-17 में कर्मचारी केंद्रित दृष्टिकोण पर ध्यान रखते हुए विभिन्न नयी नीतियां बनायी गयी एवं पुरानी नीतियां संशोधित की गयी। आगे, कंपनी में पारदर्शिता बढ़ाने एवं प्रभावी संप्रेषण पद्धति की दिशा में प्रवीण मानव संसाधन व्यवस्था तैयार करने के लिए कई पहल की गयी।

2016-2017 की अवधि के दौरान शिकायत समिति द्वारा कर्मचारियों से संबंधित सभी शिकायतें समय पर निपटारा की गयी है। कर्मचारियों के कार्यशील एवं व्यवहारिक कुशलता बनाये रखने के लिए विभिन्न मॉड्यूल के तहत भिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी ताकि कर्मचारियों में प्रवीणता वृद्धि हो एवं निजी प्रयास से सीखने की प्रवृति को बढ़ावा मिले।

इसके आगे भी, वर्तमान अभिनव एवं चुनौतीपूर्ण बाजार के मद्देनजर कंपनी अपने अधिकारियों/कर्मचारियों को नवीनतम रूझान/तकनीक एवं उनके संबंधित क्षेत्र में हुए बदलाव की जानकारी प्रदान करने एवं उनके ज्ञान वृद्धि हेतु आवश्यकता आधारित अन्त:गृह प्रशिक्षण कार्यक्रम/तकनीकी कार्यशाला आयोजित की ताकि वे पूर्व निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के लिए ज्यादा शक्ति एवं उत्साह से कार्य कर सकें। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कंपनी की जीवन-रेखा, औद्योगिक सम्पर्क शांतिपूर्ण एवं मैत्रीपूर्ण रहा।

7.01 समाज के कमजोर वर्गों के लिए कल्याण :

सरकारी नीति एवं निर्देशों के मुताबिक अ.जा, अ.ज.जा. एवं अ.पि.जा. के लिए आरक्षण नीति सहित सांविधिक कल्याण सुविधाओं के अलावा कंपनी द्वारा कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए कारखाना अधिनियम, 1948 एवं उसके अधीन निर्मित नियम में शामिल किये गये सांविधिक कल्याण सुविधाएं दी जाती है।

7.02 हिन्दी के प्रगामी प्रयोग :

कंपनी में कंप्यूटरों पर हिन्दी भाषा का साफ्टवेयर संस्थापित किया गया है और कंपनी अपने कर्मचारियों को हिन्दी का प्रशिक्षण दे रही है ताकि कर्मचारी अपने दैनंदिन काम-काज में उसका इस्तेमाल कर सकें। राजभाषा अधिनियम, 1963 के प्रावधानों के प्रचार एवं कार्यान्वयन हेतु कंपनी निरंतर हिन्दी कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कर्मचारियों को प्राज्ञ (उच्च स्तर) के लिए हिन्दी प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो एक सतत प्रक्रिया है। कंपनी के कर्मचारियों को हिन्दी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि आपकी कंपनी अपनी हिन्दी कार्यान्वयन के लिए किए गए प्रयासों से राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार विजेता बन गई है।

9

8.0 निगमित अभिशासन :

आपकी कंपनी अपने काम-काज में पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए निगमित अभिशासन की सर्वोत्तम परिपाटी को ग्रहण करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इन प्रयासों का उल्लेख करते हुए इस प्रतिवेदन के साथ लोक उद्यम विभाग के निगमित अभिशासन दिशानिर्देशों की शर्तों के मुताबिक लेखा परीक्षकों द्वारा प्रमाणित निगमित अभिशासन रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है।

जहां आवश्यक है जोखिम प्रबंधन हासिल करने एवं काम काज की प्रक्रिया में आवश्यक बनाने हेतु अभिन्न अंग के तौर पर नीतिगत पहल की गयी थी। आपकी कंपनी के पास बदले में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण है तथा निदेशक मंडल द्वारा नामित सदस्यों को लेकर गठित लेखापरीक्षा समिति दवारा समय-समय पर ऐसे पर पेसे नियंत्रणों की परीक्षा की जाती है।

8.01 लेखा-परीक्षा समिति :

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 एवं कंपनी (निदेशक मंडल की बैठक एवं इनकी शक्तियां) नियम, 2014 के नियम 6 के अनुसार कंपनी अधिनियम और उसके अधीन निर्मित नियमों के तहत यथापेक्षित सदस्यों को लेकर निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति गठित की गयी है। विचारणीय विषय के अलावा, कानून के अधीन यथापेक्षित लेखा परीक्षा समिति में वित्तीय एवं लेखा क्षेत्र की विशेषज्ञता प्राप्त स्वतंत्र निदेशकों समेत गैर-कार्यकारी निदेशकगण हैं। लेखा परीक्षा समिति एवं दूसरी समितियों के संबंध में विवरण निगमित अभिशासन प्रतिवेदन में दिया गया है।

आपकी कंपनी नियमित रूप से लेखा परीक्षा समिति की बैठकें आयोजित करती रही है ताकि पारदर्शिता, जिम्मेदारी, सत्यनिष्ठा एवं विभिन्न कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। लेखा परीक्षा समिति वर्ष 2016-2017 में चार बार बैठकें आयोजित की है।

आंतरिक लेखा परीक्षा योजना, आंतरिक नियंत्रण रचनातंत्र एवं वित्तीय एवं प्रचालन पद्धति के मामले को और भी संरचित की गयी है ताकि कंपनी अधिनियम, 2013 के परमादेश के साथ सभी किस्म की भावी चुनौतियों का सामना किया जा सके।

आपकी कंपनी संविधि प्रावधानों के अनुपालन करने के लिए आगे कदम उठाते हुए 'सीएसआर समिति', 'कार्पोरेट गवर्नेंश समिति', 'स्टैक होल्डर्स रिलेशनशीप समिति', एवं 'प्रबंधन समिति' सहीत विभिन्न समितियों का गठन किया है। उपर्युक्त समितियाँ पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ अपने अपने क्षेत्र में कार्यकलाप करती है एवं उपरोक्त प्रत्येक समितियां संबंधित मुद्दे पर कार्य करती है।

9.0 निगरानी रचनातंत्र / व्हिशिल ब्लोअर पॉलिसी :

कंपनी में निदेशकों एवं कर्मचारियों के लिए किसी अनैतिक व्यवहार, वास्तविक एवं संदिग्ध धोखाधड़ी या कंपनी की आचार संहिता या आचार नीति के उल्लघंन का सही रिपोर्ट करने हेतु जागरण तंत्र रखा गया है जहां उच्च मान की पेशेवर, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा एवं नैतिक व्यवहार द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से मामले के संचालन करने में 'व्हिशीत ब्लोअर पॉलिसी' अपनाई गई है।

नीति का उद्देश्य भयमुक्त वातावरण तैयार करना है। व्हिशील ब्लोअर पॉलिसी के बारे में विवरण कार्पोरिट गवर्नेंश रिपोर्ट में भी दिग्रा गया है। कंपनी के वेबसाईट पर 'व्हिशील ब्लोअर पॉलिसी' डालना प्रस्तावित है।

9.01 संबद्ध पार्टी से लेन देन :

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी संबद्ध पार्टियों से कोई अनुबंध/व्यवस्था/लेन देन नहीं की है जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188(1) में संदर्भित संबद्ध पार्टी लेन देन की भौतिकता पर कंपनी की नीति के अनुरूप भौतिक रूप में माना जाये।

सभी संबद्ध पार्टी लेन देन जैसे एवं जब होता तो लेखा परीक्षा समिति एवं निदेशक मंडल के समक्ष भी प्रस्तुत किया जाता है।

10

9.02 महिलाओं के कार्यस्थल (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) पर यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के अधीन प्रकटीकरण :

आपकी कंपनी सुरक्षित कार्य का माहौल तैयार करने एवं उसे बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है जहाँ इसके कर्मचारियों, एजेंटों, विक्रेताओं एवं भागीदार उत्पीड़न, शोषण एवं भय से मुक्त वातावरण में कार्य एवं व्यापार कर सके। महिलाओं को सशक्त करने एवं यौन उत्पीड़न के विरुद्ध महिलाओं की सुरक्षा के लिए उत्पीड़न की रोकथाम हेतु नीति बनायी गयी है एवं विधिक दिशानिर्देशों के मुताबिक एक आंतरिक शिकायत समिति गठित की गयी है। यह नीति कर्मचारियों को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायत करने की सुविधा प्रदान करती है। आंतरिक समिति को यौन उत्पीड़न की सभी शिकायतों को देखने का अधिकार तथा स्पष्ट समयसीमा के संग खुले एवं निष्पक्ष जांच प्रक्रिया की सुविधा प्राप्त है।

9.03 महिलाओं के सशक्तिकरण :

कंपनी लैंगिक समानता पर महत्व दे रही है। कंपनी द्वारा महिला कर्मचारियों की हितों की सुरक्षा से संबंधित मुद्दे जैसे मजदूरी का भुगतान, काम के घंटे, स्वास्थ्य, कल्याण पक्ष एवं मातृत्व लाभ आदि के लिए सभी उपायों/सांविधिक प्रावधानों का पालन किया जा रहा है।

10.00 ऋण, गारंटियों एवं निवेशों एवं जोखिम प्रबंधन नीति का विवरण:

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के प्रवधान के अधीन ऋण, गारंटियों एवं निवेशों का ब्यौरा वित्तीय विवरणों के द्रष्टव्यों में दिया गया है। आपकी कंपनी जोखिम प्रबंधन समिति गठित की है। समिति का ब्यौरा एवं दूसरे विवरण भी कार्पोरेट गवर्नेंश रिपोर्ट में दी गयी है, जो निदेशकों के प्रतिवेदन का अंग है।

10.01 आंतरिक लेखा परीक्षा एवं आंतरिक नियंत्रण :

कंपनी ने जोखिम प्रबंधन समिति गठित की है जो कंपनी के कायर्कलापों पर प्रभाव डालने वाली मुख्य जोखिमों एवं अनिश्चिताएँ मॉनिटर करती है।

आपकी कंपनी के पास व्यवस्थित और कुशलतापूर्वक व्यापार संचालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की नीतियों के अनुपालन, परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखेबाजी की रोकथाम, लेखांकन अभिलेखों की शुद्धता एवं समय पर विश्वसनीय वित्तीय प्रकटीकरण तैयार करने के लिए पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण है।

कंपनी ने अपनी सभी स्थानों पर सहयोगी आंतरिक लेखा परीक्षा करने हेतु बाहरी आंतरिक लेखा परीक्षा एजेंसी नियुक्त की है। इसकी आंतरिक लेखा परीक्षा कार्यक्रम का कार्यक्षेत्र निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति द्वारा रखा गया है।

10.02 आचार संहिता :

आपकी कंपनी के पास सठीक परिभाषित नीति का ढांचा है जिसमें निदेशक मंडल एवं वरिष्ठ प्रबंधन के सभी सदस्यों द्वारा नीतिपरक पेशेवर आचरण का पालन करने वाली पद्धतियां दी गयी हैं। संहिता मूल नीतिपरक विचारों के साथ उन विशेष विचारों को रेखांकित करती हैं जिसे पेशेवर आचरण हेतु बनाये रखना है। इस संबंध में यह बताते हुए कि सरकारी निदेशों के अधीन यथापेक्षित समय-समय पर बोर्ड के सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा संकलित की गयी आचार संहिता की घोषणा की गयी है।

10.03 कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के साथ पठित कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के अनुसरण में कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत अनुपालन :

कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन अनुपालन की आवश्यकताएँ एवं अनुपालन के विवरणों का आपकी कंपनी अनुपालन की है, यानी

वार्षिक विवरण का उद्धरण	–	इस रिपोर्ट के साथ फार्म एमजीटी- 9 संलग्न है।
वित्तीय सारांश	–	पुनरीक्षण एवं सुर्खियों में दिया गया है।
व्यापार की प्रकृति में परिवर्तन	–	वित्तीय वर्ष के दौरान कुछ नहीं है।
निदेशक एवं मू.प्र.का. नियुक्त एवं नहीं रह गए	–	इस रिपोर्ट में प्रकटीकरण दिया गया है।
सहयिकाएँ, सं.उ. सहयोगी कंपनियां	–	कुछ नहीं।
सावधि जमा से संबंधित विवरण	–	लागू नहीं।
अध्याय-V के गैर-अनुपालन का विवरण	–	लागू नहीं।
गोईंग कन्सर्न स्टेट्स प्रभावित करने वाले भौतिक आदेश पारित	–	कुछ नहीं।

10.04 सांविधिक लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन एवं 2016-2017 के लेखा पर भारत के नियंत्रक एवं लेखा परीक्षक की टिप्पणियां :

लेखा परीक्षकगण :

मेसर्स बी. सी. कुण्डू एण्ड कंपनी, सनदी लेखाकार, कोलकाता को कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधान के अनुरूप भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक द्वारा वर्ष 2016-2017 के लिए कंपनी का सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था।

वर्ष 2016-2017 के लेखे पर सांविधिक लेखा परीक्षक का प्रतिवेदन स्वत: स्पष्ट है एवं लेखे पर टिप्पणियों के साथ पर्याप्त रूप से स्पष्ट किया गया है।

भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी की वित्तीय विवरण पर रिपोर्ट दी है एवं कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन सांविधिक लेखा परीक्षक के प्रतिवेदन पर कोई टिप्पणी या अनुपूरक नहीं दी है। भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक को उनके प्राप्त पत्र इस प्रतिवेदन के साथ यहां संलग्न है।

10.05 लेखांकन नीति / मानदण्ड का अनुपालन :

वित्तीय वर्ष 2016-2017 के दौरान आपकी कंपनी ने लेखांकन मानदण्ड नीति के अनुरूप कंपनी का लेखा संगत रूप से लेखांकन मानदण्ड एवं लेखांकन नीति का अनुपालन की है। किसी प्रकार की व्यतिक्रम न होने से लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में कोई हेर-फेर नहीं है।

10.06 कंपनी नियम, 2014 (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) के नियम 5(1) के अनुसार प्रकटीकरण :

भारत सरकार के उद्यम होने के नाते कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-197(12) के साथ पठित कंपनी (प्रबंधकीय कर्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5(1) के तहत यथापेक्षित पारिश्रमिक एवं अन्य विवरण के बारे में प्रकटीकरण की छूट प्राप्त है।

12

10.07 कंपनी नियम, 2014 (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) के नियम 5(2) एवं 5(3) कर्मचारियों का विवरण :-

कंपनी (प्रबधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5(2) एवं 5(3) के प्रावधानों के अनुसार कंपनी ने कोई पारिश्रमिक का भुगतान नही किया है। अतएवं, इस संबंध में इस प्रतिवेदन के साथ कोई सूचना संलग्न करना आवश्यक नहीं है।

10.08 स्वतंत्र निदेशकों द्वारा घोषणा :

पंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(7) के प्रावधानों के अनुसार कंपनी को अपने सभी स्वतंत्र निदेशकों से आवश्यक घोषणा प्राप्त हो गयी है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) के अधीन विहित स्वतंत्रता का मानदण्ड पूरा करता है।

10.09 वर्ष 2016-17 के लिए समझौता ज्ञापन (स. जा.) हस्ताक्षर करना :

आपकी कंपनी वर्ष 2017-18 के लिए भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन स्वाक्षरित की है। स. ज्ञा. में कार्यनिष्पादन के विभिन्न लक्ष्यों एवं पैरामिटरों रहते हैं, जिसका मूल्यांकन वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर वास्तविक उपलब्धियों के विरुद्ध किया जाता है।

10.10 सचिवीय लेखा परीक्षक एवं लेखा परीक्षा प्रतिवेदन :

आपकी कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-204 एवं कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियम, 2014 की उक्त प्रावधानों के तहत नहीं आती है, इसलिए ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं प्रस्तुत की गयी है।

11.00 पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण :

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण महत्वपूर्ण क्षेत्र होने के नाते इस पर मुख्य रूप से ध्यान दिया गया है। अन्दरूनी रचनातंत्र की चेष्टा से आपकी कंपनी विभिन्न उत्पादन की साइटों पर चालू प्लांटों से उत्सर्जित कार्बन एवं अन्य गैसों के स्तरों का मॉनिटर करने के लिए आवधिक जांच पद्धति जारी रखी है एवं नीति दुरस्त की है।

वर्ष के दौरान प्राधिकारियों या विनियामकों से कभी भी संबंधित कानूनों के गैर-अनुपालन का अभियोग दिखाते हुए कोई नोटिस या कारण दिखाओं कागज़ात नहीं प्राप्त हुआ है एवं इस प्रकार आपकी कंपनी समाज एवं व्यापक लोगों के प्रति पारिस्थितिकी-मित्र बनी रही है।

11.01 निगमित सामाजिक दायित्व :

निगमित सामाजिक दायित्व (नि.सा.दा.) समिति ने नि.सा.दा नीति तैयार की है एवं निदेशक मंडल को इसकी सिफारिश की है। कंपनी के पास स्वच्छ एवं टिकाऊ पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि हेतु स्थिरता नीति भी है और इसे निर्माण के साथ-साथ कंपनी की व्यावसायिक प्रचालनों में एक अभिन्न हिस्सा बन सके ताकि धरती माँ एवं वातावरण की रक्षा हो सके एवं अपने ग्राहकों, पणधारियों, व्यापक समाज एवं भविष्य की पीढ़ियों का बढ़िया किस्म का जीवन एवं रहने के लिए ठीक स्थान दिया सके। समिति ने अधिनियम की अनुसूची-VII के अनुपालन में सीएसआर क्रियाकलाप करने की सिफारिश की है।

आपकी कंपनी समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकताओं के अनुरूप भिन्न महत्व की परियोजनाएँ चिह्नत करने के लिए कदम उठायी है एवं कुशलता विकास तथा विशिष्ट बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल गतिविधियों एवं शिक्षा के अलावे स्वच्छ भारत कोष में अंशदान की है।

सी एस आर के आगमी वर्ष 2017-2018 के लिए राशि कंपनी अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के मुताबिक एवं निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित सी एस आर नीति अनुसार चरणबद्ध तरीके से खर्च की जाएंगी।

13

12.01 उत्साहवर्द्धन / एमएसएमई को सहायता :

बर्ष 2016-17 के लिए प्रिंटिंग टोनर आदि समेत कुल स्टेशनरी में एमएसएमई से बड़े हिस्से की खरीद की गयी थी। वित्तीय वर्ष 2016-17 के अंत में आपूर्तिकर्ताओं का कुछ भी भुगतान बकाया नहीं था।

उनसे कई चरणों में चयनित स्रोतों / सामग्री खरीद कर एवं प्राप्त सेवाओं के जरिए सामाजिक कल्याण संगठनों की सहायता और समर्थन भी की गयी है।

13.00 ऊर्जा संरक्षण एवं तकनॉलजी :

ऊर्जा संरक्षण

एलसीडी से एलईडी प्रकाश व्यवस्था कर बिजली की बचत में उपलब्ध उत्कृष्ट तकनीक हासिल करने के माध्यम से सभी नये निर्माण परियोजनाओं में ऊर्जा खपत को कमतर रखने के लिए बल दिया गया है। इसके अलावा ज्यादातर परियोजनाएँ बताये गए ऊर्जा मानदंडों, ऊर्जा कुशल ऊपकरणों के उपयोग से निष्पादित की गई हैं।

प्रौदयोगिकी अवशोषण :

नयी एवं अभिनव प्रौद्योगिकियों पर प्रस्तुतीकरण की जा रही है। वरिष्ठ प्रबंधन को नयी प्रौद्योगिकियों एवं उत्पादों के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि उसका इस्तेमाल कर सके।

विदेशी मुद्रा आय एवं व्यय :

सभीक्षाधीन वर्ष के दैरान विदेशी मुद्रा का कोई अर्जन य बहिर्गमन नहीं हुआ है। कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट सूचना अनुलग्नक में दी गई है जो इस प्रतिवेदन का अंग है।

14.00 अन्य सामान्य प्रकटीकरण :

सूचना का अधिकार :

कंपनी के पास सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई), 2005 के प्रावधानों के तहत नागरिकों को सूचना प्रदान करने का उपयुक्त तंत्र है।

महत्वपूर्ण एवं भौतिक आदेश :

विनियामक या न्यायालय या ट्रिब्यूनल द्वारा कंपनी की गोईंग कन्सर्न स्टेट्स एवं प्रचालन पर प्रभाववाला कोई महत्वपूर्ण एवं भौतिक आदेश पारित किया गया है।

अतिरिक्त प्रकटीकरण :

निदेशकगण का एतद्द्वारा कहना हैं कि सभीक्षाधीन वर्ष के दौरान निम्नलिखित मदों के बारे में कोई प्रकटीकरण या रिपोर्टिंग करने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि इन मदों पर कोई लेन-देन नहीं हुआ था :

- कोई शेयर का निर्गम नहीं हुआ था
- उस वित्तीय वर्ष के समाप्त होने, जिसका इस वित्तीय वर्ष से संबंध है एवं इस प्रतिवेदन की तारीख तक, के बाद और कंपनी की वित्तीय स्थिति पर किसी भौतिक बदलाव या वचनबद्धता का प्रभाव नहीं पड़ा।

- विचाराधीन वर्ष के दौरान कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5(2) एवं 5(3) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-197(12) की संशोधित प्रावधानों में विहित सीमा से अधिक पारिश्रमिक कोई कर्मचारी प्राप्त नही किया है।

- कंपनी आईसीएसआई द्वारा समय-समय पर जारी की गई सचिवीय मानदण्डों का अनुपालन करती है।

- कंपनी लोक उद्यम विभाग द्वारा समय-समय पर जारी की गई मार्गनिर्देशों एवं नीतियों का अनुपालन करती है।

15.00 सतर्कता :

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सतर्कता क्रियाकलाप सफलतापूर्वक व्यवस्थित की गयी एवं कोई सतर्कता मामला लंबित या सोचा नहीं है।

16.00 गुणवत्ता आश्वासन/गुणवत्ता नियंत्रण एवं सुरक्षा :

आपकी कंपनी अनुबंध में बतायी गयी अपेक्षित गुणवत्ता बनाये रखने के लिए गुणवत्ता मानदण्डों एवं मानकीकृत विशेष प्रक्रिया का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। लगातार सूचित करने के अंश एवं कामकाज की आवश्यकताओं की दृष्टि से गुणवत्ता आश्वासन, गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रिया एक परिपाटी के रूप में पालन कर रही है। निर्माण कार्य में सुरक्षा हल्के ढंग से नहीं ली जा सकती है। वास्तव में सुरक्षा को निर्माण के सभी पक्षों में हर समय सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यक्ता है। प्रधान कार्यालय में गुणवत्ता प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया था एवं इस अवसर पर परियोजना स्थलों पर सुरक्षा जरूरतों के लिए सुरक्षा पर सामान्य दिशानिर्देशों का वाचन किया गया।

17.00 कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(12) के अधीन कर्मचारियों के ब्यौरे तथा निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण :

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(12) के प्रावधानों के साथ पठित कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5(2) एवं 5(3) के तहत शर्तों के अनुसार कंपनी का कोई भी कर्मचारी उस धारा के अधीन नहीं आता है।

18.00 निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण :

अधिनियम की धारा 134 के अनुसरण में निदेशकगण का कहना है कि :-

(क) वार्षिक लेखा तैयार करने में वस्तुगत विचलनों, यदि है से संबंधित समुचित स्पष्टीकरण के साथ ही प्रयोज्य मानदण्डों का अनुपालन किया गया;

(ख) उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन किया गया है एवं उन्हे लगातार लागू किया गया एवं निर्णय एवं आकलन किए है तथा जो यथोचित एवं दूरदर्शी है ताकि 31 मार्च, 2017 को स्थित कंपनी की कार्यस्थिति का एवं 31 मार्च, 2017 को समाप्त लाभ और हानि लेखा का सत्य एवं स्वच्छ आंकलन हो:

(ग) कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन अभिलेखों के रखने के लिए सठीक एवं पर्याप्त सावधानी बरती गयी है;

(घ) वार्षिक लेखों का चालू प्रतिष्ठान के आधार पर तैयार किया गया है;

(ङ) कंपनी द्वारा उचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण रखा गया है एवं ऐसे वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त एवं प्रभावी रूप से चल रही है;

(च) सभी प्रयोज्य कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित पद्धति निर्मित की गयी एवं ऐसी पद्धतियां पर्याप्त थीं एवं प्रभावी रूप से प्रचालन कर रही है।

15

19.00 निदेशक मंडल :

सरकार के आदेश द्वारा श्री सौगत मित्रा, निदेशक (वित्त), ब्रिज एण्ड रूफ कंपनी इंडिया लिमिटेड को कंपनी के निदेशक (वित्त) के अलावा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। श्री सौगत मित्रा, दिनांक 30.6.2016 एवं 09.7.2016 से प्रभावी क्रमश: अएवंप्रनि एवं निदेशक (वित्त) नहीं रहें।

सरकार के आदेश द्वारा ब्रिगेडियर बी. डी. पाण्डेय, एसएम (सेवानिवृत्त) को 16.08.2016 से प्रभावी सरकार के आदेश द्वारा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद पर उन्नत किया गया था एवं ब्रिगे. पाण्डेय 31 जुलाई 2017 तक अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वने रहें।

सरकार के दिनांक 13.09.2017 के आदेश द्वारा श्री सुंदर बनर्जी को निदेशक (तकनीकी) का अतिरिक्त प्रभार के साथ 01 सितंबर, 2017 से प्रभावी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

श्री ए. एम. मनीचन, उप सचिव, आई एफ डब्ल्यू को भारी उद्योग विभाग के आदेश के जरिए 27.07.2016 से प्रभाव निदेशक (वित्त) के तौर पर नियुक्त किया गया था। श्री मनीचन 24 अक्टूबर, 2017 तक निदेशक (वित्त) के पद पर बने रहें। भारी उद्योग विभाग के आदेश सं० 12 (8)/2016 पीई-III दिनांक 29.09.2017 के जरिए श्री रितेंद्र कुमार मित्र ने 25 अक्टूबर, 2017 को कंपनी के निदेशक (वित्त) के रूप में पदभार ग्रहण किया।

सरकार के 03.6.2016 के आदेश से श्रीमती बेला बनर्जी, पूर्व सदस्य (तकनीकी), रेलवे क्लेम्स ट्रिब्यूनल को आपकी कंपनी के निदेशक मंडल में अंश-कालीन गैर-सरकारी निदेशक के साथ श्री तापस कुमार चटर्जी, वरिष्ठ वकील, माननीय उच्च न्यायालय, कलकत्ता स्वतंत्र निदेशक के रूप में अपने पद पर बने रहें।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धाराएं 2(51) एवं 203 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियम, 2014 के अनुसरण में वर्ष के दौरान 'मूल प्रबंधकीय कार्मिक' के तौर पर उपयुक्त व्यक्ति पदनामित किए गए थे।

20.00 आभारज्ञापन :

आपके निदेशकगण भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों खासकर भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारतीय रेलवे, कोलकाता पत्तन न्यास, रेल विकास निगम एवं पश्चिम बंगाल सरकार, केनरा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक एवं एचडीएफसी बैंक एवं अन्य बैंकों द्वारा कंपनी को प्रदत्त सहयोग एवं सहायता के लिए हार्दिक कृतज्ञता और धन्यवाद ज्ञापन करते हैं।

आपके निदेशकों को आपकी कंपनी के कार्यनिष्पादन में सुधार के प्रति सभी कर्मचारियों द्वारा सहयोग एवं प्रतिबद्धता एवं योगदान के लिए अभिस्वीकृति प्रकट करते हुए हर्ष है। आपकी कंपनी की वर्तमान सफलता में तथा राष्ट्रीय स्तर पर पुल निर्माण उद्योग के क्षेत्र में अपना प्रमुख स्थान बनाए रखने में उनका सतत समर्थन बना रहा और आगे भी रहेगा।

निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से

दिनांक : 10 नवंबर, 2017

सुंदर बनर्जी
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

16

निदेशकों के प्रतिवेदन का अनुलग्नक

कंपनी (निदेशक मंडल के प्रतिवेदन में विवरणों की घोषणा) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अनुसरण में सूचना, जो 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशकों के प्रतिवेदन का अंग है।

(क) ऊर्जा का संरक्षण

(क)	ऊर्जा संरक्षण के लिए किए गए उपाय	(क) ऊर्जा की संरक्षण पर कंपनी ने ऊर्जा संरक्षण नीति बनाई है। कार्य स्थलों पर संयंत्रों एवं उपस्करणों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित करती है। नीतियों का पुनर्विचार समय-समय पर निगमित स्तर पर किया जाता है।
(ख)	ऊर्जा की खपत को कम करने के लिए अतिरिक्त निवेश तथा प्रस्ताव, अगर कोई क्रियान्वित किया जा रहा है	(ख) शून्य।
(ग)	ऊर्जा की खपत को कम करने हेतु उपर्युक्त उपाय (क) तथा (ख) का प्रभाव और माल के उत्पादन को लागत पर परिणामी प्रभाव	(ग) उपर्युक्त (क) के अधीन अपनाए गए उपाय प्रत्युत्तरदायी है, क्योंकि इसने समय पर कंपनी की उर्जा की खपत में कमी में योगदान किया है।

(ख) प्रोद्यौगिकी आत्मसात करना

(क) स्टील पुलों के साईट फैब्रिकेशन एवं इरेक्शन के लिए आपकी कंपनी को आई.एस.ओ 9001-2008 कंपनी के रूप में प्रमाणीकृत किया गया है।

(ख) अनुसंधान एवं विकास पर व्यय

	वर्तमान वर्ष (₹ लाख में)	**गत वर्ष** (₹ लाख में)
पूँजी	शून्य	शून्य
राजस्व	शून्य	शून्य

(ग) विदेशी मुद्रा आय एवं व्यय

	वर्तमान वर्ष (₹ लाख में)	**गत वर्ष** (₹ लाख में)
निर्यात आदि से अर्जन	शून्य	शून्य
यात्रा आदि पर व्यय	शून्य	1.30

17

दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

निदेशकों के प्रतिवेदन का अनुलग्नक

फार्म सं० एमजीटी-9

वार्षिक विवरणी का उद्धरण

31 मार्च 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष को यथास्थित

(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92(3) एवं कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम-12(1) के अनुसरण में।

I पंजीकरण एवं अन्य व्यौरा :

सी आई एन	यु**70100**डब्ल्यूबी**1986**जीओआई**041286**
पंजीकरण तिथि	17 सितंबर, 1986
कंपनी का नाम	मेसर्स दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
कंपनी को श्रेणी/उप-श्रेणी	सरकारी कंपनी
पंजीकृत कार्यालय का पता एवं संपर्क विवरण	27, आर एन मुखर्जी रोड, कोलकाता-700001 फोन : 033-2248-5841/43 फैक्स : 033- 2210 3961
क्या कंपनी सूचीबद्ध है हाँ/नही	नही

ii कंपनी की मुख्य व्यावसायिक कार्यकलाप :

कंपनी की कुल कारोबार के 10 % या अधिक अंशदान करनेवाली व्यवसायिक कार्यकलाप निम्नलिखित है :

क्रम सं०	उत्पाद का नाम एवं विवरण	एनआईसी कोड	कुल कारोवार का %
1	पुल का फैब्रिकेशन एवं इरेक्शन	शून्य	95.00% (करीब)
2	सिविल इंजीनियरिंग के अन्य कार्य	शून्य	5.00% (करीब)

iii नियंत्रक, अनुषंगी एवं सम्बद्ध कंपनियों का विवरण-लागू नहीं

क्रम सं०	कंपनी का नाम	कंपनी का पता	सीआईएन	नियंत्रक/अनुषंगी सम्बद्ध कंपनी	धारित शयरों का **%**	कंपनी अधिनियम **2013** के अधीन लागु धारा
1.						
2.						

18

IV शेयर होल्डिंग पैटर्न **:** (कुल इक्विटी के प्रतिशत के रुप में इक्विटी शेयर पूंजी (विघटन)

(i) श्रेणीवार शेयर धारित

शेयर धारको की श्रेणी	वर्ष के प्रारंभ में घारित शेयरों की संख्या				वर्ष के अंत में धारित शेयरों की संख्या				वर्ष के दौरान परिवर्तन का %
	डिमेट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का %	डिमेट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का %	
भारत के राष्ट्रपति एवं मनोनीत	-	10,37,305	1037305000	100%	-	10,37,305	1037305000	100%	शून्य

(ii) शीर्ष दस शेयरधारकों (निदेशकों, प्रवर्तकों एवं जीडीआर एवं एडीआर के होल्डरों) के शेयर होल्डिंग पैटर्न **:**

क्रम सं०	10 शीर्ष शेयरधारकों प्रत्येक के लिए	निम्नलिखित के प्रारंभ में शेयर होल्डिंग		निम्नलिखित के दौरान संचयी शेयर होल्डिंग	
		शेयरों की संख्या	कुल शेयरों का %	शेयरों की संख्या	कुल शेयरों का %
1.	भारी उद्योग विभाग, भारत सरकार	10,37,305	100%	10,37,305	100%

(iii) निदेशकों एवं मूल प्रबंधकीय कार्मिकी (मुप्रका) द्वारा शेयरधारित **:**

क्रम सं०	कंपनी के प्रत्येक निदेशक एवं मू प्र का के लिए	वर्ष के प्रारंभ में शेयर होल्डिंग		वर्ष के दौरान संचयी शेयर होल्डिंग	
		शेयर की संख्या	कंपनी के कुल शेयरो का %	शेयर की संख्या	कंपनी की कुल शेयरो का %
	निदेशकों :				
1.	ब्रिगे. बी. डी. पाण्डेय, एसएम (सेवानिवृत्त) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
2.	श्री ए. एम मनीचन, निवेशक (वित्त) भा उ वि, भा.स. नई दिल्ली	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
3	श्री सौम्येन नंदी, महाप्रबंधक (परियोजना), भाभाउनिलि	1	00.001% (लगभग)	1	00.001% (लगभग)
4	श्री स्वपन वंद्योपाध्याय	1	00.001% (लगभग)	1	00.001% (लगभग)

19

(v) ऋणग्रस्तता

कंपनी का ऋणभार बकाया/उपचित ब्याज समेत परतु भुगतान बकाया नहीं है :

	जमा रहित प्रतिभूति ऋण (₹ लाख में)	अप्रतिभूति ऋण (₹ लाख में)	जमा (₹ लाख में)	कूल ऋणग्रस्तता (₹ लाख में)
वित्तीय वर्ष की शुरूआत में ऋणग्रस्तता				
i) मूल राशि	58.64	7560.52	–	7619.16
ii) ब्याज बकाया परंतु चुकता नहीं	–	34127.55	–	34127.55
iii) ब्याज उपचित परंतु बकाया नहीं	–	–	–	–
कुल (i+ii+iii)	58.64	41688.07		41746.71
वित्तीय वर्ष के दौरान ऋणग्रस्तता में परिवर्तन :				
ब्याज उपचित परंतु बकाया नहीं				
(विवि 16-17)	–	शून्य	–	–
संयोजन	474.80	Nil	–	474.80
वियोजन*	58.64	–	–	58.64
शुद्ध परिवर्तन	416.16	कोई परिवर्तन नहीं	–	416.16
वित्तीय वर्ष के अंत में ऋणग्रस्तता				
i) मूल राशि	474.80	7560.52	–	8035.32
ii) ब्याज बकाया परंतु चुकता नहीं	–	34127.55	–	34127.55
iii) ब्याज उपचित परंतु बकाया नहीं.	–	–	–	–
कुल (i+ii+iii)	474.80	41688.07	–	42162.87

(#) बदले का अंतर समेत

20

(VI) निदेशकों एवं मूल प्रबंधकीय कार्मिक का पारिश्रमिक :

(क) ब्रिगे. बी. डी पाण्डेय, एसएम (सेवानि) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (17-08-2016 से) एवं मूल प्रबंधकीय कार्मिक को 2016 -2017 की

क्रम सं.	पारिश्रमिक का विवरण	ब्रिगे. बी. डी. पाण्डेय एसएम (सेवानि) (₹ लाख में)	कुल राशि (₹ लाख में)
1	सकल वेतन (वार्षिक) (क) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 17(1) में दिए प्रावधानों के अनुसार वेतन (ख) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 17(2) के अधीन अनुलाभ का मूल्य	20.28	20.28
2	कमीशन : कार्य निष्पादन बोनस दीर्घावधि प्रोत्साहन योजना (एल टी आई पी)	– – – –	– – – –
3	अन्यान्य-सेनिवृत्ति सुविधाएं	–	–
	कुल (क)	20.28	20.28
	अधिनियम के अनुसार उच्चतम	शुद्ध लाभ का 5%	

(ख) श्री सुंदर बनर्जी, निदेशक (तकनीकी) को वित्तीय वर्ष 2016-2017 के एक लिए दी गयी पारिश्रमिक।

क्रम सं.	पारिश्रमिक का विवरण	श्री सुन्दर बनर्जी निदेशक (परियोजना) (₹ लाख में)	कुल राशि (₹ लाख में)
1	सकल वेतन (वार्षिक) (क) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 17(1) में दिए प्रावधानों के अनुसार वेतन (ख) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 17(2) के अधीन अनुलाभ का मूल्य	16.09	16.09
2	कमीशन : कार्य निष्पादन बोनस दीर्घावधि प्रोत्साहन योजना (एल टी आई पी) #	– – – –	– – – –
3	अन्यान्य-सेवानिवृत्ति सुविधाएं	–	–
	कुल (क)	16.09	16.09
	अधिनियम के अनुसार उच्चतम	शुद्ध लाभ का 5%	

21

(ग) अन्य निदेशकों को पारिश्रमिक

1. स्वतंत्र निदेशकों

	पारिश्रमिक का विवरण	श्री तापस कुमार चटर्जी (₹ लाख में)
	निदेशक मंडल/समिति की बैठक मे उपस्थिति के लिए शुल्क*	0.45
	कमीशन	–
	अन्यान्य, कृपया स्पष्ट करें	–

स्वतंत्र निदेशकों

	पारिश्रमिक का विवरण	श्रीमती बेला बनर्जी (₹ लाख में)
	निदेशक मंडल/समिति की बैठक मे उपस्थिति के लिए शुल्क*	0.30
	कमीशन	–
	अन्यान्य, कृपया स्पष्ट करें	–

2. गैर-कार्यपालक निदेशकों

क्रम सं.	पारिश्रमिक का विवरण	श्री ए एम मनीचन निदेशक (वित्त) (₹ लाख में)	श्रीमती विनीता श्रीवास्तव (₹ लाख में.)
	निदेशक मंडल/समिति की बैठक में उपस्थिति के लिए शुल्क*	शून्य	शून्य
	कमीशन	–	–
	अन्यान्य, कृपया स्पष्ट करें	–	–

गैर-कार्यपालक निदेशकों

क्रम सं.	पारिश्रमिक का विवरण	श्री ए एम मनीचन निदेशक (वित्त) (₹ लाख में)	श्रीमती परवीन गुप्ता भाउवि के नॉमिनी (₹ लाख में.)
	निदेशक मंडल/समिति की बैठक में उपस्थिति के लिए शुल्क*	शून्य	शून्य
	कमीशन	–	–
	अन्यान्य, कृपया स्पष्ट करें	–	–

22

3. मूल प्रबंधकीय कार्मिक को पारिश्रमिक :

क्रम सं.	पारिश्रमिक का विवरण	श्री जी.सी जश महाप्रबंधक (वित्त) मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में (₹ लाख में)	श्री एस. के. भट्टाचार्य कंपनी सचिव (₹ लाख में)	कुल राशि (₹ लाख में)
1	सकल वेतन (वार्षिक) (a) आयकर अधिनियम 1961 की धारा17(1) में दिए प्रावधानों के अनुसार वेतन (b) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 17(2) को अधीन अनुलाभ का मूल्य	14.58 –	15.36 –	29.94 –
2	अन्यान्य, सेवानिवृत्ति सुविधाएँ	–	–	–
	कुल (क)	14.58	15.36	29.94

VII दण्ड/सजा/अधिनियम का समझौता :

किस्म	कंपनी अधिनियम की धारा	संक्षिप्त ब्यौरा	लगाये गये दण्ड/सजा/ समझौता शुल्क का विवरण	प्राधिकारी (आरडी/ एन सी/ एल टी न्यायालय	अपील की गयी यदि कोई है (ब्यौरा दें)
दण्ड	शून्य				
सजा					
समझौता					
(ग) डिफाल्ट रूप में अन्य अधिकारी					
दण्ड	शून्य				
सजा					
समझौता					

23

दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

निदेशकों के प्रतिवेदन का अनुलग्नक

निगमित अभिशासन पर प्रतिवेदन

यह प्रतिवेदन भारत सरकार भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी की गई केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के निगमित अभिशासन के दिशानिर्देशों के नियम के अनुसार है।

निगमित अभिशासन पर कंपनी का दर्शन	कंपनी के दृष्टिकोण से निगमित अभिशासनों का लक्ष्य : शेयरधारकों के दीर्घकालीन शेयर मूल्य और कंपनी की संपत्तियां निर्माण करने की क्षमता को निम्नलिखित कार्यों के जरिए बढ़ाना। ➢ वरिष्ठ प्रबंधकवर्ग को विवेकशील व्यवसायिक निर्णय एवं दूरदर्शी वित्तीय प्रबंधन लेने में सहायता करना। ➢ कंपनी के सभी निर्णयों और कार्यों में पारदर्शिता और पेशेवर गुणों को प्राप्त करना। ➢ प्रकटीकरण आवश्यक्ताओं का अनुपालन। ➢ निगमित अभिशासन में श्रेष्ठता निम्न के द्वारा प्राप्त करना :- 1. निगमित अभिशासन पर प्रचलित दिशानिर्देशों के अनुरूप उत्कृष्ट बनाना, जहाँ कही भी संभव हो। 2. व्यवसाय संचालन को उच्च नैतिक मानक पर स्थापित करके कानून एवं नियमों का पालन करना। 3. वर्तमान प्रणाली की आवधिक समीक्षा और नियंत्रण करते हुए उसका सुधार करना।	
निदेशक मंडल	निदेशक मण्डल के सभी निदेशकों को सरकार द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नियुक्त किया जाता है। निदेशकों की कुल संख्या कंपनी के निदेशक मण्डल में दी गई है।	
निदेशक मंडल का गठन	**निदेशकों की शंख्या**	**नाम**
		श्री सौगत मित्रा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (30-06-2016 तक)
		ब्रिगेडियर बी डी पाण्डेय, एसएम (सेवानिवृत्त) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (16-08-2016 से 31-07-2017 तक)
		श्री सुंदर बनर्जी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (01-09-2017 से) निदेशक (तकनीकी) के तौर पर अतिरिक्त प्रभार (09-09-2017 से)
		श्री सौगत मित्रा निदेशक (वित्त) (09-07-2016 तक)
		श्री ए एम मनीचन उपसचिव-आईएफडब्ल्यू एवं निदेशक (वित्त) (27-07-2016 से 16-03-2017 तक)
		श्री रितेंद्र कुमार मित्रा निदेशक (वित्त) 25-10-2017 से
		श्रीमती विनीता श्रीवास्तव निदेशक, भाउवि, सरकारी नॉमिनी (16-03-2017 तक)
		श्रीमती परवीन गुप्ता उप सचिव, भाउवि, सरकारी नॉमिनी निदेशक (16-03-2017 से)

24

<table>
<tr><td></td><td colspan="4">श्रीमती बेला बनर्जी, आई आर ए एस,
अंशकालिक गैर सरकारी निर्दशक (03-06-2016 से) सरकार द्वारा नियुक्त</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="4">श्री तापस कुमार चटर्जी
अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक (03-06-2016 से) सरकार द्वारा नियुक्त</td></tr>
<tr><td rowspan="8">अयोजिक बैठक
निदेशक मंडल एवं लेखापरीक्षा समिति</td><td rowspan="4">वर्ष के दौरान
आयोजित निदेशक मंडल
की बैठकें</td><td>01.</td><td colspan="2">जून 24, 2016</td></tr>
<tr><td>02.</td><td colspan="2">सितंबर 13, 2016</td></tr>
<tr><td>03.</td><td colspan="2">अक्टूबर 25, 2016</td></tr>
<tr><td>04.</td><td colspan="2">जनवरी 09, 2017</td></tr>
<tr><td rowspan="4">वर्ष के दौरान
आयोजित लेख परीक्षा
समिति की बैठकें</td><td>01.</td><td colspan="2">जून 24, 2016</td></tr>
<tr><td>02.</td><td colspan="2">सितंबर 13, 2016</td></tr>
<tr><td>03.</td><td colspan="2">कोइ लेखा परीक्षा बैठक नहीं</td></tr>
<tr><td>04.</td><td colspan="2">जनवरी 09, 2017</td></tr>
<tr><td rowspan="8">बैठकों में उपस्थिति
(निदेशक मंडल एवं लेखापरीक्षा समिति)</td><td colspan="2">नाम</td><td>बैठकों में उपस्थिति</td><td rowspan="2">पिछली वार्षिक साधारण बैठक में उपस्थिति जो 25 अक्टूबर 2016 को आयोजित हुई</td></tr>
<tr><td colspan="2"></td><td>निदेशक मंडल</td><td>लेखा परीक्षा समिति</td></tr>
<tr><td colspan="2">श्री एस मित्रा</td><td>01</td><td>01</td><td>जी नही</td></tr>
<tr><td colspan="2">बिग्रे. बी० डी० पाण्डेय</td><td>03</td><td>01</td><td>जी हाँ</td></tr>
<tr><td colspan="2">श्रीमती विनीता श्रीवास्तव</td><td>02</td><td>02</td><td>जी नहीं, श्री इंदरजीत सिंह,
अवर सचिव एवं सरकारी नॉमिनी उपस्थित हुए</td></tr>
<tr><td colspan="2">श्री ए. एम. मनीचन</td><td>02</td><td>02</td><td>जी नहीं</td></tr>
<tr><td colspan="2">श्रीमती बेला बनर्जी</td><td>02</td><td>02</td><td>जी नहीं</td></tr>
<tr><td colspan="2">श्री तापस कुमार चटर्जी</td><td>04</td><td>04</td><td>जी हाँ</td></tr>
<tr><td>लेखापरीक्षा समिति</td><td colspan="4">भूमिका एवं विचारार्थ विषय :
सार्वजनिक उद्यमों पर निगमित अभिशासन के दिशा-निदेशों के पैरा 4.2 के अधीन उल्लिखित विशिष्ट मामलों में उपस्थित होना।
प्रबंधन सांविधिक एवं आंतरिक लेखा परीक्षकों तथा निदेशक मंडल के मध्य सम्पर्क के रूप कार्य करना।
वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली का आकलन करना।</td></tr>
<tr><td rowspan="4">गठन, बैठकें एवं उपस्थिति</td><td colspan="2">निदेशकों के नाम</td><td colspan="2">बैठक में उपस्थित हुए - 2016-2017</td></tr>
<tr><td colspan="2">ब्रिगे. बी. डी. पाण्डेय</td><td>आयोजित बैठकें - 04</td><td>उपस्थिति - 03</td></tr>
<tr><td colspan="2">श्री एस मित्रा</td><td>आयोजित बैठकें - 04</td><td>उपस्थिति - 01</td></tr>
<tr><td colspan="2">श्रीमती विनीता श्रीवास्तव</td><td>आयोजित बैठकें - 04</td><td>उपस्थिति - 02</td></tr>
</table>

25

	श्री ए. एम. मनीचन	आयोजित बैठकें – 04	उपस्थिति – 02
	श्रीमती बेला बनर्जी	आयोजित बैठकें – 04	उपस्थिति – 02
	श्री तापस कुमार चटर्जी	आयोजित बैठकें – 04	उपस्थिति – 04

निदेशक मंडल की अन्यान्य समितियां	समीक्षाधीन बर्ष के दौरान निदेशक मंडल द्वारा लेखा परीक्षा समिति गठित करने के अलावा अन्य समितियाँ नियुक्त की है। इन समितियों का ब्यौरा निम्नलिखित है : निगमित सामाजिक दायित्व समिति पारिश्रमिक समिति निगमित अभिशासन समिति पणधारी संबंध समिति प्रबंधन समिति उपर्युक्त प्रत्येक समिति मे अन्य निदेशक सदस्य हैं एवं जिसके प्रमुख स्वतंत्र निदेशक है।
स्वतंत्र निदेशकगण	आपकी कंपनी स्वतंत्र निदेशक नियुक्त की है जिन्हें संबंधित क्षेत्र/पेशे मे विशेषज्ञता/अनुभव प्राप्त है। स्वतंत्र निदेशकों का प्रोमोटरों से न संपर्क है और न ही संबंध है और कंपनी से किसी आर्थिक संबंध भी नहीं है तथा आगे कंपनी की कुल मत देने की क्षमता से दो प्रतिशत या अधिक धारित नहीं करती है। स्वतंत्र निदेशक से इस आशय की घोषणा हासिल की जाती है कि वे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(7) के अधीन यथापेक्षित स्वतंत्र निदेशक की विशिष्टता पूर्ण करते हैं। स्वतंत्र निदेशकों के लिए शुल्क की राशि निदेशक मंडल द्वारा तय किया जाता है एवं जो कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन विहीत सीमा के अंदर है।
आचार संहिता	निदेशक मंडल के सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन की आचार संहिता का प्रारूप यथावर्णित, क्रियान्वित कर दी गयी है।

साधारण निकाय की बैठक

पिछले तीन सालों की वार्षिक साधारण बैठकों की विवरणी

वित्तीय वर्ष	**दिनांक**	**समय एवं स्थान**	**विशेष संकल्प**
2013-2014	29 अक्टूबर, 2014	12:30 बजे ए वाई सी एल, कोलकाता	शून्य
2014-2015	30 दिसंबर, 2015	12:30 बजे ए वाई सी एल, कोलकाता	हाँ
2015-2016	25 अक्टूबर, 2016	14:00 बजे बीबीजे, अलीपुर कार्यालय, कोलकाता	शून्य

वार्षिक साधारण बैठक–2016	कंपनी के सदस्यों की 30 वीं वार्षिक साधारण बैठक 25 अक्टूबर, 2016 को आयोजित हुयी। दिनांक 30 सितम्बर, 2016 से आगे बैठक आयोजित करने के संबंध में समय बढ़ाने की अनुमति कंपनी रजिस्ट्रार से प्राप्त कर ली गयी थी, जैसा कंपनी अधिनियम, 2013 वांछित है।
वार्षिक साधारण बैठक–2017	कंपनी के सदस्यों की 31 वीं वार्षिक साधारण बैठक 30 सितंबर, 2017 के बाद होगी जिसके लिए कंपनी अधिनियम 2013 में यथापेक्षित समय बढ़ाने की अनुमति कंपनी रजिस्ट्रार से प्राप्त कर ली गयी थी।

26

अन्य प्रकटीकरण	निदेशकों या उनके सगे संबंधियों के साथ लेन-देन जिसमें कंपनी के स्वार्थ में विवाद की संभावना है।	शून्य
	संबद्ध पार्टी के लेन-देन (एएस 18) करना।	31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लेखों के साथ संलग्न द्रष्टव्य में बतायी गयी।
	कंपनी की तरफ से अनुपालन न करना या इसके उपर लगाए गए प्रतिबंधों	शून्य
	व्हिसिल ब्लोअर नीति एवं पुष्टि की किसी भी कार्मिक को लेखा-परीक्षा समिति तक पहुँचने में बाधा नहीं दी गयी है।	हम स्वीकार करते है कि किसी भी कार्मिक को लेखा-परीक्षा समिति की कार्यवाही तक पहुँचने में बाधा नहीं दी गयी है।
	इन मार्गदर्शनों की जरुरतों का अनुपालन करने का विवरण	अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का अनुपालन किया गया है। चूँकि, सरकार के, नियुक्ति के मामले में रिपोर्ट की गयी है इसलिए आंशिक अनुपालन किया गया।
	इस साल और पिछले तीन सालों के दौरान केंद्रीय सरकार द्वारा जारी की गयी राष्ट्रपति के निदेशों का विवरण और उसका अनुपालन।	अनुपालन के लिए कोई निर्देश लंबित नहीं है।
	लेखों में दिखाई गई खर्चों की मदें जो व्यवसाय के लिए नहीं थी।	शून्य
	निदेशक मण्डल और शीर्षस्थ प्रबंधन के व्यक्तिगत खर्च के लिए किया गया व्यय	शून्य
संप्रेषण के साधन	• चूँकि कंपनी द्वारा जारी शेयर किसी भी स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड नहीं हैं इसलिए त्रैमासिक नतीजा किसी भी अखवार में प्रकाशित करने की आवश्यकता नहीं है। • वार्षिक लेखा परीक्षित वित्तीय परिणाम कंपनी की वेबसाइट पर दिखाया गए हैं। • पत्राचार का पता— 27, सर राजेन्द्र नाथ मुखर्जी रोड, कोलकाता - 700001	
लेख-परीक्षा के क्वालिफिकेशन्स	कंपनी का प्रयास है कि अनक्वालिफाईड वित्तीय विवरणों की दिशा में कंपनी कदम उठाए। कोई क्वालिफाईड होने पर उसके समर्थन में पर्याप्त व्याख्या दी गयी है, अन्यथा प्रबंधन के उत्तर के जरिये क्वालिफिकेशन को समर्थन दिया गया है। 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए लेखे पर कोई लेखा परीक्षा के अनुसार क्वालिफिकेशन संलग्न है।	
प्रशिक्षण	कंपनी द्वारा निदेशक मंडल के सदस्यों को प्रशिक्षण किया जाता है।	
नियमित अभिशासन लेखा परीक्षा	सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा लेखे का परीक्षण किया गया। सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा दिए गए प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ तथा निदेशकों के प्रतिवेदन के साथ संलग्न किया गया।	

27

दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

सदस्यगण,
दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
27 आर एन मुखर्जी रोड
कोलकाता–700001

हमने, भारत सरकार, भारी एवं लोक उद्यम मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग एवं उसके अधीन अनुलग्नकों (यहाँ तत्पश्चात् मार्गनिर्देशों के रूप में संदर्भित) द्वारा जारी 'किए गए केन्द्रीय लोक उद्यमों 2010 के लिए कार्पोरेट गवर्नेन्स पर दिशानिर्देशों' में बताये अनुसार 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (इसके बाद 'कंपनी' के रूप में संदर्भित) द्वारा कॉर्पोरेट गवर्नेन्स के अनुपालन की जांच की है।

कॉर्पोरेट गवर्नेन्स की शर्तों का अनुपालन करना प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। हमारी जांच, कंपनी द्वारा स्वीकृत किए गए दिशानिर्देशों में बताये कार्पोरेट गवर्नेन्स की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के तरीकों एवं कार्यान्वयन तक ही सीमित थी। यह न तो लेखा परीक्षा है और न ही कंपनी के वित्तीय विवरणों पर विचारों की अभिव्यक्ति है।

हमारी राय में एवं हमारी जानकारी एवं हमें दी गई स्पष्टीकरणों के मुताबिक, हम एतदद्वारा प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने, विहित दिशानिर्देशों का अनुपालन किया है।

हमें आगे यह कहना है कि ऐसा अनुपालन कंपनी की भविष्य की जीवनक्षम के बारे में न कोई आश्वासन है, न ही कंपनी के मामलों में प्रबंधन द्वारा संचालित प्रभावोत्पादकता की किसी कार्यक्षमता को बताता है।

कृते बी. सी. कुण्डू एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार, पंजी. सं. 301007 ई
(अरूपदर्शी मुखोपाध्याय)
भागीदार
(सदस्य सं॰ 062465)

स्थान : कोलकाता
दिनांक : 13 नवम्बर, 2017

28

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन

दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
सदस्यगण,

एकल वित्तीय विवरणों पर प्रतिवेदन :

1. हमने दि ब्रेथवेट बर्न एण्ड कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के संलग्न एकल वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है जिसमें 31 मार्च, 2017 को यथा स्थित तुलन-पत्र संलग्न उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि खाते, नकद प्रवाह विवरण एवं महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश और अन्य व्याख्यात्मक सूचनाएँ शामिल हैं।

एकल वित्तीय विवरणों पर प्रबंधन का उत्तरदायित्व :

2. कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम-7 के साथ पठित अधिनियम की धारा-133 के तहत उल्लेख किये लेखांकन मानकों समेत भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धान्तों के अनुसार इन एकल वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन एवं नकद प्रवाह के सच्चे एवं निष्पक्ष विचार देने हो के संबंध में कंपनी के निदेशक मंडल, कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 134(5) में बताये गये मामले के लिए जिम्मेदार हैं। इस उत्तरदायित्व में, अधिनियम के प्रावधान के अनुसार कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा हेतु एवं धोखाधड़ी एवं अन्य अनियममितताओं को रोकने एवं पता लगाने के लिए पर्याप्त लेखांकन अभिलेख रखना; उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन एवं लागू करना; युक्तिसंगत एवं दूरदर्शी निर्णय करना एवं अनुमान करना एवं लेखांकन रिकार्ड की शुद्धता एवं पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रुप से चलने वाली पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एवं रखरखाव शामिल है, जो धोखाधड़ी या त्रुटि से होनेवाली वस्तुपरक गलतबयानी से मुक्त सही एवं स्वच्छ विचार व्यक्त करता हो वित्तीय विवरणों की तैयारी करने एवं प्रस्तुतीकरण के अनुरूप हो।

लेखा परीक्षकों का उत्तरदायित्व :

3. हमारा उत्तरदायित्व हमारी परीक्षा पर आधारित इन एकल वित्तीय विवरणों पर विचार व्यक्त करना है।

4. हमने अधिनियम के प्रावधानों, लेखांकन एवं परीक्षा मानकों एवं अधिनियम के प्रावधानों एवं उसके अधीन तैयार की गयी नियमों के अधीन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में शामिल की जाने वाली उन विषयों को ध्यान में रखा है।

5. हमने अपनी लेखा परीक्षा अधिनियम की धारा 143(10) के एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी अन्य लेखा प्राधिकारिक उद्घोषणाएँ के अधीन बतायी गयी लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार की है। इन मानकों में और घोषणाओं से ऐसी अपेक्षा की जाती है कि नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन करें एवं योजना बनाएं तथा उचित आश्वासन हासिल करने के लिए इस प्रकार लेखा परीक्षा करें कि वित्तीय विवरण वस्तुपरक गलतबयानी से मुक्त हों।

